मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ट्रेड प्रमोशन काउंसिल गठित

चर्चा में क्यों?

4 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रदेश के आर्थिक विकास के दृष्टिगत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ाने, निर्यात को प्रोत्साहन देने और रोज़गार सृजन के संबंध में नीति-निर्धारण के लिये 'मध्य प्रदेश ट्रेड प्रमोशन काउंसिल' का गठन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- ट्रेड प्रमोशन काउंसिल मुख्यरूप से कार्य समिति द्वारा प्रस्तुत एजेंडा पर अनुमोदन और स्वीकृति प्रदान करेगी। यह काउंसिल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुसार चयनित उत्पादों की गुणवत्ता वृद्धि और वेल्यू एडीशन के संबंध में भी नीति-निर्धारण करेगी।
- काउंसिल में वित्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, वन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, परिवहन, पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, कृषि, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास और श्रम विभाग के मंत्रीगण सदस्य होंगे।
- मध्य प्रदेश राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य सचिव, कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्युटिकल, टेक्सटाइल एवं गारमेंट, ऑटो मोबाइल एवं इंजीनियरिंग और आईटी आदि सेक्टर की राज्यस्तरीय संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं राज्य निर्यात आयुक्त (प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी) भी काउंसिल में सदस्य बनाए गए हैं।
- प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन काउंसिल के सदस्य सचिव होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/trade-promotion-council